Best Selling **BLOG** and **MAGAZINE**
Theme of All Time
Experience the change!



# "मैनेजिंग वर्क लाइफ बैलेंस" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

By **Jantantratoday** January 4, 2023 2 0




अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़

**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए "मैनेजिंग वर्क लाइफ बैलेंस" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस एफ डी पी का उद्देश्य व्यक्ति के जागरूकता के स्तर में सुधार करना और एक ऐसा वातावरण बनाना है जहां हर कोई कार्य के लिए समर्पित हो। कार्यशाला का शुभारम्भ कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सचिन गर्ग ने स्वागत भाषण के साथ किया। उन्होंने कहा कि कार्य-जीवन संतुलन, संतुलन की वह स्थिति है जहां एक व्यक्ति अपने करियर की मांगों और व्यक्तिगत जीवन की मांगों को समान रूप से प्राथमिकता देता है। काम पर बढ़ती ज़िम्मेदारियाँ, लंबे समय तक काम करना, घर पर ज़िम्मेदारियाँ बढ़ाना आदि।

खराब कार्य-जीवन संतुलन की ओर ले जाने वाले कुछ सामान्य कारणों में शामिल हैं: इस एफ डी पी का आयोजन प्रभारी डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्ग दर्शन में किया गया था। डॉ. गुप्ता ने कहा कि कार्य-जीवन संतुलन आपके दिन के घंटों को काम और व्यक्तिगत जीवन के बीच समान रूप से विभाजित करने के बारे में कम है और इसके बजाय, अपने पेशेवर जीवन में चीजों को पूरा करने के लिए लचीलेपन के बारे में अधिक है कुछ दिन ऐसे भी हो सकते हैं जहाँ आप अधिक समय तक काम करते हैं इसलिए आपके पास सप्ताह में बाद में अन्य गतिविधियों का आनंद लेने के लिए समय होगा। कार्यक्रम का समापन डॉ सचिन गर्ग द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने आश्वासन दिया है कि इस प्रकार की कार्यशाला समय-समय पर कॉलेज में आयोजित की जाएंगी ताकि गैरशिक्षण कर्मचारी अपने पेशेवर जीवन और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ अपने ज्ञान को बढ़ा सकें और नई तकनीकों से अवगत हो सकें.